**Certain remarks made by a Member of other House in the premises of Parliament**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने बताया कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ सदस्य, जो इस सदन की सदस्य रह चुकी हैं, वर्तमान में दूसरे सदन की सदस्य हैं, बाहर सदन के परिसर में उनके द्वारा वक्तव्य दिया गया कि सदन द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक जबर्दस्ती पारित किया गया । वक्फ संशोधन विधेयक पर सदन द्वारा 13 घंटे 53 मिनट तक चर्चा की गई, जिसमें सभी दलों के 61 सदस्यों ने अपने विचार रखे । इस विधेयक पर तीन बार मत विभाजन हुआ ।

यह विधेयक सदन के नियमों के अनुसार पारित किया गया । इसलिए, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सदन द्वारा देर रात तक बैठकर इतनी लंबी चर्चा के बाद भी नियमानुसार पारित किए गए एक विधेयक के माध्यम से सदन की कार्यवाही पर एक वरिष्ठ सदस्य द्वारा प्रश्न उठाना उचित नहीं है और यह संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा के अनुरूप भी नहीं है ।

? (व्यवधान)

---

**12.04 hrs**